राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 03 फरवरी। केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा अपने करीबी मित्रों तथा चुनिंदा उद्योगपतियों को फायदा पहुँचाने की नीति से पूरा देश विशेषकर मध्यम वर्ग चिंतित है। अडानी समूह में एलआईसी और एसबीआई जैसी सरकारी संस्थानों द्वारा किये गये बेहद जोखिम भरे निवेश तथा एलआईसी के 29 करोड़ पॉलिसी धारकों व एसबीआई के 45 करोड़ खाता धारकों पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने परिपत्र जारी कर प्रदेश की सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को सोमवार, 06 फरवरी, 2023 को जिले में स्थित एलआईसी और एसबीआई कार्यालयों पर मार्च एवं विरोध प्रदर्शन करने हेतु निर्देशित किया है।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को निर्देशित किया है कि दिनांक 06 फरवरी, 2023 को जिले के सभी प्रमुख कांग्रेसजन अपने जिला मुख्यालय पर एलआईसी एवं एसबीआई कार्यालयों पर इस मांग के साथ मार्च एवं विरोध प्रदर्शन करें कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश या एक संयुक्त संसदीय समिति द्वारा हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के आधार पर निष्पक्ष जॉंच की जाये तथा एलआईसी, एसबीआई और अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों के जबरदस्त निवेश पर संसद में चर्चा की जाकर निवेशकों की सुरक्षा के लिये उचित कदम उठाये जायें।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter